प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई- 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai- 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

28 मार्च 2022

आरबीआई गवर्नर ने बीआरबीएनएमपीएल के अध्ययन एवं विकास केंद्र (एलडीसी) का शिलान्यास किया

श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज (28 मार्च 2022) मैसूर में भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल), आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, के अध्ययन एवं विकास केंद्र (एलडीसी) की स्थापना के लिए शिलान्यास किया। अपने संबोधन में गवर्नर ने ऐसे केंद्र की स्थापना के महत्व पर प्रकाश डाला जो देश के मुद्रा निर्माण पारिस्थिकी तंत्र में मानव संसाधन क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करेगा और उत्कृष्टता के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरेगा।

एलडीसी की स्थापना, भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल), जो भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुसूची 'क' मिनीरत्न श्रेणी-I कंपनी है और बैंक नोट पेपर मिल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड (बीएनपीएमआईपीएल), जो बीआरबीएनएमपीएल और एसपीएमसीआईएल का एक संयुक्त उद्यम है, के सक्रिय सहयोग से की जा रही है। एलडीसी, सुदृढ़ ज्ञान प्रसार के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, इस प्रकार यह सुनिश्चित करेगा कि बैंकनोट उत्पादन, गुणवत्ता और आपूर्ति में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण में सर्वोत्तम प्रथाओं, अनुभवों और नवाचारों को कुशलतापूर्वक साझा किया जाए। यह केंद्र बीआरबीएनएमपीएल द्वारा अभिशासित होगा।

इस समारोह में श्री जोस जे कट्टूर, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, श्री मानस रंजन मोहंती, प्रबंध निदेशक, बीआरबीएनएमपीएल, श्री के.जी विश्वनाथन, प्रबंध निदेशक, बीएनपीएमआईपीएल, मैसूर में विभिन्न संगठनों के प्रमुख, सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी, बीआरबीएनएमपीएल और बीएनपीएमआईपीएल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1920